दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 161 मुरादाबाद 06 October 2022 (Thursday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## मोदी ने विजयादशमी पर रणसिंघा फूंककर किया विजय का शंखनाद, जयराम ठाकुर को दी बधाई



बिलासपुर/कुल्लू- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज हिमाचल प्रदेश के दौरे पर हैं। पीएम मोदी ने बिलासपुर के लुहणू मैदान में विजयादशमी पर रणसिंघा फूंककर विजय का शंखनाद किया। पीएम मोदी का सीधा इशारा विधानसभा चुनाव की ओर रहा। मोदी ने जयराम ठाकुर के कार्यों की सराहना की व उन्हें बधाई दी। बिलासपुर में एम्स और हाइड्रो इंजीनियरिंग कालेज का उद्घाटन करने के साथ मेडिकल डिवाइस पार्क और पिंजौर नालागढ़ फोरलेन की आधारशिला रखी। इसके बाद कुल्लू में दशहरा महोत्सव में शामिल होंगे। अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा में भगवान रघुनाथ जी व अन्य देवी-देवताओं का आशीर्वाद लेंगे। पीएम मोदी ने कहा हिमाचल में मेडिकल पर्यटन की भी संभावना है। देश दुनिया के लिए हिमाचल आरोग्य व पर्यटन का हब बनेगा। पीएम मोदी ने कहा मुझे रणसिंघा फूंक कर विजय का शंखनाद करने का मौका मिला। मोदी का संबोधन पूरी तरह से हिमाचल पर केंद्रित रहा।हिमाचल की सड़कों को चारों तरफ चौड़ा करने का काम चल रहा है। घुमावदार रास्तों से निजात दिलाने के लिए सुरंगों का निर्माण हो रहा है। डिजिटल क्रांति में भी हिमाचल आगे है। देश में अब मेक इन इंडिया के तहत 5जी सेवा है। ड्रोन नीति के लिए पीएम मोदी ने बधाई दी। अब ड्रोन से दवाई व अन्य सामान की सप्?लाई भी हो रही है। जलजीवन मिशन और उज्वला योजना से दु:ख दूर हुए। माता बहनें हमारी प्राथमिकता हैं। जयराम ठाकुर व उनकी टीम की देशभर में सामाजिक सुरक्षा पेंशन की चर्चा हो रही है। वन रैंक वन पेंशन से हिमाचल लाभान्वित हो रही हैं। शत प्रतिशत वैक्?सील लगवाने के लिए जयराम बधाई के पात्र हैं। देश में आयुष्मान कार्ड से 3 करोड़ लोगों का उपचार हुआ है। कार्ड न होते तो गरीब को जेब से पैसा देना पड़ता। सरकार की योजनाओं का सबसे अधिक लाभ माता बहनों व बेटियों को मिला है। मातृशक्ति में सबसे ज्यादा सहनशीलता है। खर्च के डर से उपचार से कतराती थीं। मेरी माताएं बहनें उपचार से वंचित रहें तो ये बेटा किस काम का। 50 प्रतिशत लाभार्थी मातृशक्ति है। तीसरा बल्क ड्रग पार्क व चौथा मेडिकल डिवाइस पार्क हिमाचल को मिला है। उद्योग बढ़ेंगे तो रोजगार भी मिलेगा। हिमाचल में मेडिकल पर्यटन की अपार सम्भावना है। देश दुनिया के लिउ हिमाचल आरोग?य व पर्यटन का हब बनेगा। हिमाचल के लोगों के दोनों हाथ में लड्डू है। पीएम मोदी ने कहा केंद्र का स्वास्थ्य मंत्रालय भी बधाई का पात्र है। हिमाचल में निर्माण कार्य आसान नहीं है। मैदान में एक घंटे में होने वाले काम को यहां एक दिन लगता है। कोरोना के बावजूद आज एम्स तैयार हो गया है। बल्क ड्रग पार्क हिमाचल की युवा पीढ़ी का उज्वल भविष्य है। हम टिकाऊ व मजबूत काम करते हैं। हिमाचल वीरों की धरती मैंने यहां की रोटी खाई है।मोदी ने कहा लोगों व बच्चों को चंडीगढ़ जाना पड़ता था। आज एम्स, आईआईटी जैसे संस्थान डबल इंजन सरकार से संभव हुए हैं। पहले सरकारें शिलान्यास के पत्थर लगाती थी पांच साल बाद ढूंढने पड़ते थे। हिमाचल को कोई नहीं पूछता था। अब हिमाचल का बेटा है न। अब शिलान्यास के साथ उद्घाटन भी हो रहा। काम लटकना भटकना अब गया। हिमाचल राष्ट्र रक्षा के साथ अब जीवन रक्षा भी करेगा।अच्छी सड़क व स्वास्थ्य संस्थान बड़े शहरों में होते थे। पहाड़ी प्रदेशों की अनदेखी होती थी। देश का एक बड़ा हिस्सा व लोग असुविधा में रहे। अब देश नई सोच के साथ आगे बढ़ रहा है। हिमाचल एक मेडिकल कॉलेज व यूनिविर्सिटी पर निर्भर था

## देश सुरक्षित हाथों में है, दशहरा पर शस्त्र पूजा कर राजनाथ सिंह ने जताया भरोसा





दशहरे के पावन मौके पर आज सुबह उत्तराखंड के चमोली के औली सैन्य स्टेशन में सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे की उपस्थिति में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शस्त्र पूजा की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भारत एकमात्र ऐसा देश है जहां हथियारों की पूजा की जाती है। उन्होंने कहा, हमें विश्वास है कि हमारा देश हमारे सशस्त्र बलों के हाथों में सुरक्षित है। हमारे सशस्त्र बलों और अर्धसैनिक बलों के जवान हमारे देश के गौरव हैं। न्यूज एजेंसी एएनआई द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में राजनाथ सिंह को मंत्रों के जाप के साथ सशस्त्र बलों की उपस्थिति में शस्त्रों की पूजा करते हुए देखा जा सकता है। एक दूसरे वीडियो में सैनिकों को देशभक्ति के गीत गाते हुए दिखाया गया है। आपको बता दें कि कुछ दिन पहले रक्षा मंत्री ने रक्षा क्षेत्र में सरकार के आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत राजस्थान के जोधपुर में वायु सेना को भारत में बने हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टरों के पहले बैच को सौंपा।

इस दौरान उन्होंने कहा, यह वायु सेना के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। स्वतंत्रता के बाद से भारतीय वायुसेना विदेशी हेलीकॉप्टरों पर निर्भर थी। इस निर्भरता को कम करने की सख्त जरूरत 1999 के कारगिल युद्ध के दौरान महसूस की गई थी। वायुसेना अब बदलने के लिए तैयार है।

## सीएम योगी आदित्यनाथ ने तेंदुए के बच्चों का किया नामकरण, चंड़ी और भवानी नाम से जाने जाएंगे शावक



इन दिनों वन्य जीव सप्ताह मनाया जा रहा है। बुधवार का दिन गोरखपुर चिड़ियाघर के लिए बेहद खास रहा। सीएम योगी आदित्यनाथ ने शहीद अशफाक उल्ला खान प्राणी उद्यान में सफेद बाघिन को क्रॉल से मुख्य बाड़े में छोड़ा। इसके अलावा तेंदुए के दोनों शावकों के नामकरण भी किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शावकों का नाम चंडी और भवानी रखा है। इसके साथ ही तेंदुए के शावकों को नए नाम के साथ नई पहचान मिल गई है। सीएम ने चंडी और भवानी को दुलार किया और उन्हें दूध पिलाया। उन्होंने चिड़ियाघर के द्वारा जारी प्रमाण पत्र पर उनके नाम भी लिखे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चिड़ियाघर में सफेद बाघिन गीता को क्रॉल से मुख्य बाड़े में छोड़ दिया। मूसलाधार बारिश के बीच कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ। इस दौरान क्रॉल से निकलने के बाद सफेद बाघिन ने बारिश का आनंद लिया। सफेद बाघिन गीता अब दर्शकों के लिए मुख्य बाड़े में मौजूद रहेगी। बता दें कि सफेद बाघिन को 20 जून लखनऊ चिड़ियाघर से गोरखपुर लाया गया था और उसका नाम गीता रखा गया था।

### चिड़ियाघर में पहुंचा हिमालयन काला भालू

सोमवार को हिमालयन काला भालू का जोड़ा चिड़िया घर पहुंच गया। कानपुर प्राणी उद्यान से शालिनी नाम की मादा हिमालयन काला भालू और नर भालू लखनऊ से लाया गया। प्राणी उद्यान के उद्घाटन से अब तक हिमालयन काला भालू का बाड़ा खाली चल रहा था। प्राणी उद्यान के पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. योगेश प्रताप सिंह ने बताया की दोनों ही भालू पूरी तरह स्वस्थ हैं।

## इंस्पेक्टर सिगरा राजू सिंह व महिला दरोगा मीनू सिंह समेत समस्त दरोगाओं ने किया गस्त



तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

वाराणसी- दुर्गा पूजा के त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने को लेकर प्रतिबद्ध सिगरा पुलिस प्रभारी निरीक्षक राजू सिंह महिला उप निरीक्षक मीनू सिंह समेत सिगरा थाना के समस्त दरोगांवो के द्वारा अपने अपने क्षेत्र में सजे दुर्गा पंडालो में लगे सुरक्षा मानको को चेक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।इस संदर्भ में इंस्पेक्टर सिगरा राजू सिंह ने बताया कि हम लगातार सभी दुर्गा पूजा समिति प्रबंधों के संपर्क में बने हुए हैं और क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी गई है त्यौहार सकुशल संपन्न हो रहा है।

## नवरात्र में भवानी स्वच्छता का संदेश लेकर आती हैं -लवली सेठ



तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

वाराणसी।स्वच्छता अभियान के तहत लवली सेठ ने गंगा किनारे प्रदूषित कर रही अनेकों सामग्रियों को समेटकर कूड़ेदान तक पहुचाने की अपील की।इस अवसर पर लवली ने कहा कि स्वच्छता और मां गंगा की हमारे जीवन में विशेष महत्ता है।नवरात्र में भवानी स्वच्छता का संदेश लेकर आती हैं।कोई भी पूजा, मन,वचन ,कर्म की शुद्धि और स्वच्छता से ही पूरी होती है।देवी उसी घर में वास करती हैं जहां आंतरिक और बाह्य शुद्धि होती है । स्वच्छता धर्म है इसलिए हर पूजा पद्धति में यह सर्वोपरि है।लवली ने आगे कहा कि किसी भी पूजा पाठ में स्वच्छता का महत्व है ।दो ऋतुओं की संधि पर पड़ने वाली नवरात्रि भी हमें शारीरिक और बाह्य स्वच्छता का संदेश देती है

## खचाखच सवारी बैठाना ट्रैक्टर चालक को पड़ा महंगा


डॉ बी पी त्रिपाठी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



गोंडा- पुलिस ने बुधवार को क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से क्षमता से अधिक सवारियो को बिठाकर लेकर जा रहे हैं तीन ट्रैक्टर ट्राली व एक लोडर को सीज कर 10 अन्य वाहनों का चालान किया है। साथ ही सभी चालकों को सख्त हिदायत देकर आम जनमानस को सुरक्षित यात्रा के प्रति जागरूक किया।प्रभारी निरीक्षक करुणाकर पांडे ने बताया कि पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर के निर्देश पर सोमवार को विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान कृषि व लोडिंग के उपयोग में आने वाले तीन ट्रैक्टर ट्राली व लोडर अत्याधिक सवारी बैठाये हुए पाये गए। उक्त तीनों वाहनों को सीजकर 10 अन्य वाहन चालान काटा गया है। तथा वाहन सवार सभी लोगों को टैक्सी, बस व ट्रेन से सुरक्षित यात्रा करने के प्रति जागरूक करने के साथ चालकों भविष्य में क्षमता से अधिक सवारी ना बैठाने की सख्त हिदायत दी गई है। बताते चलें कि कानपुर में घटित घटना के उपरांत सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नें कमर्शियल प्रयोग में आने वाले वाहनों पर सवारिया बैठाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। तथा उल्लंघन पर कार्रवाई के निर्देश जारी हुए है। जारी निर्देश के अनुपालन में इटियाथोक कोतवाली के द्वारा उक्त कार्रवाई की गई है।

## राजभवन में हुआ सम्मान समारोह

विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



खुटार शाहजहाँपुर- खुटार राजा के राजभवन में पुवायां और गोला तहसील के इंटर और हाईस्कूल के टॉपर छात्र/छात्राओं को दो-दो हजार रुपये के चेक और सम्मान पत्र प्रदान कर राजा साहब खुटार विजय शाह जू देव ने सम्मानित किया,राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में राजा विजय शाह जू देव ने कहा कि शिक्षा ऐसा अनमोल मोती है, जिसकी कीमत का अंदाजा नहीं लगाया जा सकता, सभी अभिभावकों को अपने बच्चों को हर हालत में शिक्षित कराना चाहिए, उन्होंने कहा कि छात्र/छात्राओं का उत्साहवर्धन करने के उद्देश्य से %श्रीमती रानी चंदेली साहिबा स्मृति विद्यादान पुरस्कार के नाम से वर्ष 2013 से बच्चों को सम्मनित करना शुरू किया गया था, इसके तहत हाईस्कूल और इंटर के पुवायां और गोला तहसील के टॉपर बच्चों को पुरस्कार के रूप में दो-दो हजार की चेक और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है,इस मौके पर गोला तहसील में इंटर की टॉपर साक्षी वर्मा, प्रज्ञान वर्मा, हाईस्कूल के टॉपर फैज अहमद, स्मृति सिंह, पुवायां तहसील के इंटर के टॉपर साक्षी, करन सिंह, हाईस्कूल के टॉपर शशांक मिश्रा, प्रांजलि आनंद, मुकेश और मंदीप कुमार को सम्मानित किया गया। इस अवसर ओर अनेकों लोग मौजूद रहे।

## 90 हजार नकदी व मोबाइल लूट ले गए

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- करवा जलाली से देर शाम मोबाइल की दुकान बंद कर भतीजे के साथ अपने गांव नगला नजीब अली जा रहे युवक से बाइक सवार बदमाश नकदी व मोबाइल लूटकर भाग गए मामले में पुलिस ने तीन अज्ञात लुटेरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है

जलाली के माजरा नगला नजीब अली निवासी प्रदीप कुमार उर्फ बंटी पुत्र शांति स्वरूप जलाली बस अड्डे पर कुमार टेलीकॉम नाम से मोबाइल की दुकान चलाता है प्रदीप कुमार ने बताया कि र करीब 5=15 बजे वह भतीजे नीशू के साथ बाइक से घर जा रहा था कस्बा से ही उसके आगे अपाचे बाइक पर सवार तीन बदमाश चलने लगे, जो सुनसान जगह पर बाइक को धीमी कर बराबर पर आए और कंधे पर लटके बैग को बूट पर लूटकर गांव नगला खुम्मी की तरफ भाग गए प्रदीप के अनुसार बैग में दुकानदारी की 90 हजार नकदी व एक टेबलेट व एक मोबाइल फोन रखा था 7 वारदात की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच जांच पड़ताल की

## राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय में राष्ट्रीयध्वज के प्रति घोर लापरवाही देखी गयी

डॉ बी पी त्रिपाठी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



गोंडा-राजकीय शिक्षण संस्थान में राष्ट्रीय ध्वज का अपमान।धानेपुर, ध्वजारोहण के बाद झंडा उतारना मास्टर साहब भूल गये दो अक्टूबर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पद राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया था, उसके बाद से विद्यालय में छुट्टी चल रही है। गोंडा उतरौला मार्ग पर विश्वम्भरपुर ग्राम पंचायत क्षेत्र में स्थित राजकीय आश्रम पद्धति में दो अक्टूबर के बाद से छुट्टी चल रही है। चौकीदार ने बताया की मास्टर साहब को फोन करके बताया था की झंडा उतरवा दीजिये लेकिन मास्टर साहब ध्यान नही दिए। बीते तीन दिनों से अपमान जनक स्थिति में राष्ट्रीयध्वज विद्यालय के भवन पर देखा जा रहा है।

## कूटरचित पासबुक के सहारे पैसा निकालने के प्रयास में महिला गिरफ्तार

डॉ बी पी त्रिपाठी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



गोंडा-जनपद के थाना इटियाथोक अंतर्गत एक बैंक से धोखाधड़ी कर रुपये निकालने का प्रयास करने वाली महिला को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जनपद लखीमपुर के थाना धौरहरा के मुरावन पुरवा निवासी महिला संगीता पत्नी मंगरे को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिला संगीता कूटरचित पासबुक बनाकर व फर्जी विड्राल भरकर धोखाधड़ी कर बैंक से रुपये निकालने के फिराक में थी।सम्बन्धित प्रकरण में महिला के ख़िलाफ स्थानीय थाना में मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार कर्ता टीम में उप निरीक्षक अभिषेक वर्मा रणविजय सिंह,महिला हेड कांस्टेबल अंजू सिंह,होमगार्ड राजकुमार शुक्ल व पीआरडी विजय गौतम शामिल रहे।

## प्राथमिक विद्यालय में धूमधाम से मनाई गई गांधी जी व शास्त्री जी की जयंती





विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहाँपुर- नगर के प्राथमिक विद्यालय नरायनपुर विक्रमपुर में धूमधाम से श्री महात्मा गांधी जयंती एवं श्री लालबहादुर शास्त्री जी की जयंती मनाई गई,कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि सभासद छत्रपाल कश्यप एवं प्रधानाध्यापक सन्तोषी गुप्ता ने ध्वजारोहण किया और माँ भारती माँ सरस्वती व गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया, सभासद छत्रपाल कश्यप ने संबोधित करते हुए कहा कि दो अक्टूबर को गांधी जयंती एवं शास्त्री जी की जयंती मनाई जाती है,लोग प्यार से गांधी जी को बापू भी कहते हैं,इन्हें राष्ट्रपिता की उपाधि भी प्राप्त है,

देश की आजादी में गांधीजी व शास्त्री जी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है, उनके अथक प्रयास के चलते ही देश को अंग्रेजों के चुंगल से मुक्ति मिली,इस अवसर पर शिक्षक परमजीत कौर,हरजीत सिंह,मनोज कुशवाहा,अरविंद कुशवाहा, शिव कुमार राठौर,संगीता कश्यप,पिंकी कश्यप,सुरेंद्र कश्यप,कान्ति देवी कुसुमा देवी,जमुना देवी सहित तमाम छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# हरित जन्मदिन मनाएं आओ धरा को हरा भरा बनाएं

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद - प्रकृति सेवा समिति ट्रस्ट , मुरादाबाद की ओर से हरित जन्मदिन मनाएं आओ धरा को हरा भरा बनाएं प्रकृति का हरित कवच बढाएं अभियान अंतर्गत प्रकृति सेवा समिति ट्रस्ट ( रजि. ) मुरादाबाद की ब्रांड एम्बेसडर बाल प्रकृति प्रेमी गुंजिता पाल के 9 वें जन्मदिन के अवसर पर औषधीय पौधे हरसिंगार के पौधे का रोपण लोकमता अहिल्याबाई होल्कर वाटिका पाल नगर बुद्धि विहार सेक्टर 4 दीपक पाल आटा चक्की देहली रोड मुरादाबाद में धरा ( पृथ्वी ) को हरा भरा रखने व प्रकृति का हरित कवच बढ़ाने की भावना से पौधरोपण किया गया पौधरोपण के अवसर पर प्रकृति सेवा समिति ट्रस्ट के विधिक परामर्शदाता सामाजिक पर्यावरण चिंतक एडवोकेट रमेश आर्य ने कहा कि जन्मदिन पर पौधारोपण और पौधरक्षण कार्य समाज के लिए एक अच्छी पहल है ओर यह सभी के लिए प्रेरणा का अवसर होता है। जन्मदिन की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि प्रकृति संरक्षण और संवर्धन के लिए भी सभी को समय देना चाहिए। प्रकृति सेवा समिति ट्रस्ट के आओ हरित जन्मदिन मनाए अभियान के अंतर्गत अपनी बेटी गुंजिता पाल के जन्मदिन के अवसर पर पर्यावरण प्रेमी



रविता पाल ने पौधरोपण करते हुए कहा कि हमें अपने व बच्चों के जन्मदिन को पौधरोपण करके धरा को हरा भरा बनाना चाहिए क्योंकि इससे कहीं ना कहीं हम प्रकृति पर्यावरण संरक्षण में सहयोगी बन सकते हैं और अपनी सांसो को बचाने में हम सभी को सहयोगी बनना चाहिए। प्रकृति सेवा समिति ट्रस्ट के संस्थापक महासचिव पर्यावरण सचेतक नैपालसिंह पाल ने कहा कि आओ हरित जन्मदिन मनाएं चाहे कोई भी अवसर खुशी हो या गम आओ पौधे लगाए हम, के तहत भी पौधरक्षण की भावना से पौधरोपण करके धरा को हरा भरा और प्रकृति के हरित कवच को बढ़ा सकते हैं। ऑक्सीजन की प्राकृतिक फैक्ट्री हरे पेड़ पौधों को रोपित करने के साथ साथ ही उनका संरक्षण करना भी हम सभी की जिम्मेदारी है। प्रकृति सेवा समिति ट्रस्ट की अध्यक्षा पर्यावरण प्रेमी रविता पाल ने कहा कि हरियाली ही सभी के जीवन में खुशहाली लाती है अतः समृद्धि के साथ-साथ जीवन में खुशहाली के लिए हरे पेड़ पौधों का संरक्षण और संवर्धन करना चाहिए। इस अवसर पर प्रकृति सेवा समिति ट्रस्ट के विधिक मार्गदर्शक सामाजिक पर्यावरण चिंतक एडवोकेट रमेश आर्य , अध्यक्षा पर्यावरण प्रेमी रविता पाल, संस्थापक/महासचिव पर्यावरण सचेतक नैपालसिंह पाल , कोषाध्यक्ष युवा पर्यावरण चिंतक/कवि शुभम कश्यप, ब्रांड एम्बेसडर बाल प्रकृति प्रेमी गुंजिता पाल, बाल प्रकृति प्रेमी यवन पाल, अनुज कुमार पाल , एस.के चड्डा , तनिशा चड्डा , अनुभि आदि उपस्थित रहे।

# अज़ीम खान उर्फ़ अज़ीम गुड्डू ने मजलिस की सक्रिय सदस्यता ग्रहण की




मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद७ढ्ढस्ढ्ढरूमहानगर मुरादाबाद कार्यालय पर सदस्यता अभियान मे बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी साहब से प्रभावित होकर महानगर अध्यक्ष हाजी वकी रशीद एडवोकेट, प्रदेश सचिव ज़की राईनी के द्वारा अज़ीम खान उर्फ़ अज़ीम गुड्डू ने मजलिस की सक्रिय सदस्यता ग्रहण की और वार्ड 63 जामा मस्जिद से संभावित उम्मीदवार का आवेदन किया और प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली का मिशन जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया

इस मौके पर, कामिल खान, शाहनवाज़ अंसारी, मो अली, ज़हीर अलाम, शफ़ीक़ अहमद,आरिफ मंसूरी, सैय्यद नासिर हुसैन, उज़ैफ खान, वारिस मंसूरी आदि लोग मौजूद रहे।

# विजयदशमी पर आरएसएस ने पथ संचलन संग किया शस्त्र पूजन

मुरादाबाद- राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने विजयदशमी पर पथ संचलन संग शस्त्र पूजन कर स्थापना दिवस मनाया। शहर में पांच अलग-अलग स्थानों पर पथ संचलन किया गया। पथ संचलन का कई स्थानो पर पुष्प वर्षा करके स्वागत किया गया। स्वयंसेवकों ने राष्ट्र को मजबूत करने के लिए समाज को एकता का संदेश दिया। पीतल नगरी, गोविंद नगर, कटघर, दीनदयाल नगर एवं हिमगिरी में स्वयंसेवकों ने पथ संचलन किया और शस्त्र पूजन किया। प्रचारक वतन कुमार, विभाग संघचालक ओम



प्रकाश शास्त्री, महानगर संघचालक डॉ विनीत गुप्ता, महानगर कार्यवाह सुरेंद्रपाल सिंह, महानगर प्रचारक विवेक कुमार, देवेश सिंह, अनिल कुमार, विक्रम सिंह विक्रम सिंह, ब्रह्मा शंकर, राम रतन पीयूष गोयल, सानू कुमार हंसराज सैनी, विजय कुमार सैनी, उत्कर्ष कुमार हर्ष कुमार आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# Moradabad में धू-धूकर जली रावण की लंका, सुग्रीव और बाली के युद्ध का हुआ मंचन

मुरादाबाद- मुरादाबाद के लाजपतनगर, दसवां घाट और लाइनपार की रामलीला में राम-सुग्रीव मित्रता, वाली वध व लंका दहन का मंचन किया गया। तीनों ही स्थानों पर राम और लक्ष्मण का सीता की खोज में बन बन भटक रहे श्री राम का माता शबरी के आश्रम में जाना और सुग्रीव मित्रता बाली वध सीता खोज और लंका दहन तक की लीला का मंचन किया।

## भगवान राम ने खाए सबरी के झूठे बेर

भटकते भटकते माता शबरी के आश्रम में पहुंचते हैं और वहां सबरी उनका स्वागत करती हैं और उन्हें फल बेर खिलाती हैं और वह राम को बताती हैं कि ऋषि मुख पर्वत पर कुछ बांदर रहते हैं वहां आप जाओ वह आपकी अवश्य सहायता करेंगे। वहां श्री राम की सुग्रीव से मित्रता होती है।

## हनुमान से परिचय और बाली वध

हनुमान से परिचय होता है उसके बाद वाली वध किया गया। व्यवस्था में महेश चंद्र अग्रवाल विनोद सक्सेना




मुकुल बंसल श्याम कृष्ण रस्तोगी राजेंद्र अग्रवाल विपिन जेटली अविनाश अग्रवाल शम्मी रस्तोगी अतुल अग्रवाल राजेंद्र खन्ना विवेक शर्मा एके सिंघल केके गुप्ता ओम प्रकाश अग्रवाल का सहयोग रहा।

## रामलीला में सीताहरण व जटायू उद्धार

श्रीरामलीला समिति, सिविललाइंस की ओर से स्थित युवा केन्द्र में भरत कैकेई संवाद, पंचवटी में सूर्पनखा का आना और खरदूषण वध, मारीच का सोने का मृग बनना, सीता हरण, जटायु उद्धार का प्रसंग प्रस्तुत किया गया। राम वन गमन के पश्चात भरत-शत्रुघ्न अपने ननिहाल से वापस अयोध्या आते हैं। जहां उन्हें समाचार मिलता है कि उनकी माता कैकेई ने राजा दशरथ से उनके लिए राजपाट और राम के लिए 14 वर्ष का बनवास वरदान में मांगा, जिसके फलस्वरूप राजा दशरथ राम के वियोग में स्वर्ग सिधार गए तो भरत के क्रोध ने सीमा लांघ दी और अपनी मां का त्याग कर दिया।

## भैया राम को वापस लेने भरत निकले

भरत भईया राम को वापस लाने के लिए वन की ओर चल पड़ते हैं और चित्रकूट पहुंच कर भईया राम को वापस अयोध्या चलने की प्रार्थना करते हैं। परंतु राम ने पिता व माता कैकेई के आदेश का पालन करने को वापस जाने से इन्कार कर दिया। भरत राम की खड़ाऊं लेकर वापस अयोध्या चले गए। रामलीला समिति के संरक्षक शिशिर गुप्ता, डा संजीव राजन, अध्यक्ष सुरेंद्र प्रकाश गुप्ता, महामंत्री पीयूष गुप्ता, कोषाध्यक्ष निर्वेश भटनागर, सुनील गुप्ता, अरविंद गुप्ता, प्रेमनाथ, उपदेश अग्रवाल, संजय धवन, प्रमोद रस्तोगी, शिवांश गुप्ता के साथ साथ पूरी रामलीला समिति ने सराहनीय योगदान दिया।

अगवानपुर में सीता हरण का मंचन

अगवानपुर। नगर में चल रही रामलीला मंचन में पंचवटी में सूर्पणखा की लक्ष्मण द्वारा नाक काटने का मंचन किया गया। बहन के अपमान में श्रीराम-लक्ष्मण के तीरों से खर और दूषण का मारा जाना और मृग का शिकार करने श्री राम का जाना, उसके बाद छल से रावण द्वारा सीता का हरण करने का मंचन दिखाया गया। सीता की खोज करते समय घायल जटायू से मिलन और उसके उद्धार का मंचन से लेर राम-सुग्रीव से मित्रता का मंचन हुआ। वरुण गुप्ता, सरजू विश्नोई, अंचल शर्मा, मुकुल वर्मा, पुष्पेन्द्र शर्मा, अंशुल गुप्ता, अतुल विश्नोई, सुरज तोमर, चन्द्रशेखर भदौरिया, संजय कुमार ने व्यवस्था बनाने में सहयोग किया है।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख ,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Dussehra resolution

The festival of Vijayadashami has arrived this time in a mixed atmosphere of relief from the pandemic and the fear of a global recession, but the festive Indians have expressed their enthusiasm about how eagerly they look forward to these occasions. Two years later, not only has the grandeur of Durga pandals and Ramlila celebrations returned, there is a return to hope in the domestic economy. Dussehra is one of the biggest symbols of India's cultural splendor. This representative festival of the best human values ??of Hinduism establishes time and again that the sun of truth will rise after dispelling the entire illusion of untruth. The message of Vijayadashami is very clear that the path of goodness and justice may be difficult, but the meaning of power lies in the establishment of these values. This is what we should wish for as human beings. This is the work of all humanity! But today we need to think that what kind of challenges lie in front of our superior cultural values? Are we able to live up to the original purpose of our festivals? These are certainly great opportunities for the market, and it will find ways to exploit them, but we must never forget that the modern market focuses only on profits, whereas our ancestors have fabricated all their traditions in such a way that they The nutrition of the marginalized sections of the society should also be ensured. Durga Puja fairs have been very useful for the farming and merchant society for centuries. Our rural economy has been getting great support from religious fairs and festivals for centuries. Therefore, today when we are celebrating this festival, then we must think that in this era of online marketing, how will the economic interests of our rural brothers like potters, carpenters, blacksmiths etc. be protected? As a nation, this concern is very important, because the society had given them the basis of living by creating the utility of these classes in festivals. The constant struggle against the evils that Ravana symbolizes is the basic resolution of Vijayadashami. This struggle is with the narrowness within himself as an individual and with his vices at the level of society. Our sages have repeatedly warned that without awakening the Ramatva within you, you cannot fight the Ravana element present within the society and the country. We are perhaps beginning to dispel that Rama's victory is the victory of a liberal vision. Everyone's participation is in that victory, the smallest is accepted. Do those who sow different types of poison in the society in the name of caste and religion today understand the meaning of Rama's victory? In a religion and society in which it is the norm to happily experience fourteen years of painful exile for the sake of honoring the Father's word, how are we seeing immoral acts being committed in the impatience of the authority? Therefore, when the distinction between truth and falsehood is becoming difficult, then the relevance of Vijayadashami has increased. To defeat today's demonic forces like communalism, poverty, inequality, unemployment, hunger, we still need the same weapons, which Maryada Purushottam wore. Without modesty, restraint, tolerance, help, acceptance, where would the significance of any Vijayadashami be!


# Seeing Ranveer Singh the girl cried, 'Energy King' immediately reacted like this

Actor Ranveer Singh, who is called the 'Energy King' of Bollywood, robs the gathering. Whether onscreen or offscreen Ranveer Singh has the ability to win hearts. Recently Ranveer Singh arrived at the launch of music video 'O Pari', the first single of music composer Devi Sri Prasad (DSP). During this, Ranveer made a lot of fun and made the atmosphere. However, during this time something happened that a little girl started crying after seeing Ranveer Singh. The girl cried seeing Ranveer- Actually the DSP's family was also present at the launch event of O Pari. The event also had some other relatives including DSP's mother, who came on stage and clicked photos with Ranveer and DSP. At the event, Ranveer was in a dazzling fashion and was as full of energy as ever. While calling the DSP's family on the stage, Ranveer himself came down from the stage and brought the family on stage with great respect. Meanwhile, the younger daughter of a relative of DSP (who was in her lap) started crying on seeing Ranveer. Ranveer won the heart and saw the little daughter crying, at first Ranveer tried to quiet her with love, but when he did not succeed in this, he immediately turned to the side, so that the girl would stop crying. This style of Ranveer Singh was liked by the people present at the event. During the event, Ranveer had a lot of fun with DSP and also sang the song O Pari together. At the same time, Ranveer was also seen doing a light dance at the event. Ranveer Singh's Projects- Let us tell you that Ranveer Singh has many hit films in his account. From Bajirao Mastani to Gully Boy and from Padmavat to Simmba, Ranveer has spread his best performance. Ranveer was last seen in the film Jayeshbhai Jordaar, which did not show anything special at the box office but social media users liked him after the OTT release. Talking about Ranveer's upcoming films, his account includes Circus, Baiju Bawra, Takht, Simmba 2, Annian remake as well as Rocky and Rani's love story.



## From 'Doctor Ji' to 'Thank God', the month of October will be the name of comedy, save the dates

The month of October is going to be named after comedy. From cinemas to OTT, all such fun films are to be released which will make this festive season even more jolly and interesting for you. It is the month of festivals and a lot of holidays are about to come. In such a situation, there will be no shortage of options for you in theaters. Let us know about the films which will be released in theaters this month. Gajraj Rao, Rithvik and Madhuri Dixit starrer 'Maja Ma' is releasing on 6th October. The funny thing is that the film is releasing on the OTT platform. That is, you can enjoy this film sitting at home. If needed, only a subscription to Amazon Prime Video is required. Amitabh Bachchan, Rashmika Mandanna and Sunil Grover starrer film Goodbye is an emotional story. But because it is a family movie, it is going to be a lot of fun too. There are many jokes in the film that you will be able to relate to yourself. It has to be seen how the film does at the box office.



# केंद्रीय राज्य मंत्री माननीय बीज़एल वर्मा का स्वागत



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-केंद्रीय राज्य मंत्री माननीय बीज़एल वर्मा जी के आगरा जाते समय एटा- कासगंज रोड पर पटका व फूलमाला पहनाकर स्वागत व सम्मान किया साथ में जिला अध्यक्ष संदीप जैन जी ,बिधायक बीरेंद्र सिंह वर्मा जी, ब्लाक प्रमुख शीतलपुर पुष्पेंद लोधी जी जिला महामंत्री सुशील गुप्ता भैया जी, बलिष्ठ भाजपा नेता प्रमोद गुप्ता जी, नरेंद्र उपाध्यक्ष जी युवा प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय कायस्थ महासभा पश्चिम, तथा पार्टी के अन्य कार्यकर्ता गण एवं वरिष्ठ पदाधिकारी गण मौजूद रहे

## स्वास्थ्य विभाग द्वारा बनवाई गई बिल्डिंग आठ 10 साल से बनी हुई खड़ी है स्वास्थ्य विभाग को अभी तक चालू नहीं किया गया है- राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ- गांव धनीपुर में कई वर्षो से स्वास्थ्य विभाग की बिल्डिंग बनी खड़ी है अभी इसमें कोई तैनाती नहीं की गई है आठ 10 साल पुरानी बिल्डिंग हो चुकी है भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने इस बिल्डिंग को नजदीक से जाकर देखा स्वास्थ्य विभाग उस पर लिखा हुआ है करीब आठ 10 साल पुरानी बिल्डिंग है तैनाती न होने के कारण लोगों में काफी रोष है भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा है कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा धनीपुर में एक बिल्डिंग बना कर घड़ी की है अस्पताल खोलने के माध्यम से लेकिन अभी तक यहां पर कोई अस्पताल खुला नहीं है नई स्टाफ मौजूद है नहीं इसका उद्घाटन अभी हुआ है यह एक स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही का प्रमाण है भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने साफ कहा है अति शीघ्र स्वास्थ्य विभाग स्टाफ तैनात करें स्वास्थ्य केंद्र को चालू कराएं लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी यह एक बहुत बड़ी लापरवाही का प्रमाण है ऐसा लगता है कि स्वास्थ्य विभाग इस बिल्डिंग को बनाकर भूल गया है सरकार का पैसा लगा हुआ है अधिकारी इस तरफ से अंजान बने बैठे हैं इस संबंध में पूरी फोटोग्राफर ही करा कर उत्तर प्रदेश के माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी को पत्र भेजा जाएगा इसकी पूरी जिम्मेदारी स्वास्थ्य विभाग की होगी एवं नगर निगम भी अछूता नहीं रहेगा

# दुकानों को ध्वस्त कराने की तैयारी में पालिका

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-नगर पालिका अनुपम कॉम्प्लेक्स के बाहर बनी पुरानी जर्जर दुकानों की मार्केट को जल्द ही ध्वस्त कराने की योजना बना रही है। इसका मुख्य कारण है कि कॉम्प्लेक्स का फ्रंट दबा होने से कॉम्प्लेक्स की दुकानों की नीलामी में बाधा बनी हुई है। सोमवार को नगर पालिका ईओ संजय कुमार गौतम एवं टीएस मुन्नालाल राम ने संयुक्त रूप से बताया कि अनुपम कॉम्प्लेक्स की 287 दुकानों की नीलामी में फ्रंट पर बनी 35 दुकानें बाधा बनी हुई है। इस कारण लोग कॉम्प्लेक्स में दुकान लेने के लिए रुचि नहीं ले रहे हैं। कॉम्प्लेक्स का फ्रंट घिरा होने के कारण अब तक आठ से दस लोगों ने ही कॉम्प्लेक्स में दुकान लेने के लिए आवेदन फार्म खरीदे है। आवेदन फार्मों की बिक्री न होने के कारण पालिका को आवेदन फार्म की धनराशि भी पांच हजार से घटाकर मात्र एक हजार रुपये करनी पड़ी है। उसके बाद भी आवेदन फार्मों की बिक्री नहीं हो रही है। ईओ ने बताया कि कॉम्प्लेक्स की दुकानों की जल्द ही नीलामी कराने के लिए फ्रंट की दुकानों को हटाने की नीति बनाई जा रही है। इस संबंध में जल्द ही जिला प्रशासन को पत्र भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि अनुपम कॉम्प्लेक्स फ्रंट पर आने के बाद ही दुकानों की नीलामी निर्बाध हो सकेगी।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## माता काली की शोभायात्रा में आकर्षण का केंद्र रहा बाबा का बुलडोजर




निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-राम नवमी के दिन शहर मे माँ काली की शोभायात्रा में बुल्डोजर बाबा की झांकी रही भारी आकर्षण का केंद्र,इस माँकाली भव्य शोभायात्रा को देखने लाखों लोग आते है दर्शक, माँ काली की भव्य शोभायात्रा के दौरान बुलडोजर बाबा की झांकी पर लगे बीजेपी के झंडे, लोगों ने लगाए योगी और मोदी जिंदाबाद के नारे, भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि भू-माफियाओ और गुंडों को सन्देश देने और 2024 में पुनः भाजपा सरकार का सन्देश देने के लिए निकाली है झांकी, गुंडे और माफिया जिला छोड़ दें नहीं तो चलेगा योगी का बुलडोजर, प्रदेश सरकार की माफ़ियाओं पर बुलडोजर की कार्रवाई को लेकर योगी आदित्यनाथ लगातार है चर्चे में, 2.0 सरकार का बुलडोजर शोभायात्रा में फर्राटे से दौड़ता हुआ दिखा बुल्डोजर, काली माता शोभायात्रा में योगी के फैंस ने लगाए जमकर योगी और मोदी जिंदाबाद के नारे, शोभायात्रा में बाबा के बुल्डोजर पर योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री योगी के रूप धारण में दिखा कलाकार, माता काली की शोभायात्रा में आकर्षण का केंद्र रहा बाबा का बुलडोजर, माँ काली की शोभा यात्रा के दौरान सीओ सिटी राजकुमार सिंह,इंस्पेक्टर सुधीर कुमार सहित भारी संख्या लगाया गया पुलिस फॉर्स।

# पैथोलॉजी में चौबीस घंटे जांच कराने का रोस्टर जारी

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- मेडिकल कालेज में आने वाले मरीजों को 24 घंटे जांच सुविधा देने के लिए रोस्टर जारी किया गया है। 24 घंटे में तीन शिफ्ट होंगी। उसके बाद भी अभी तक जांच सुविधा शाम पांच बजे तक ही मिल पा रही है। मेडिकल कॉलेज में 208 दवाओं में सिट्रीजन और एलर्जी की दवा उपलब्ध नहीं एटा। मेडिकल कालेज के स्टोर में 208 दवाओं की उपलब्धता बताई जा रही है। उसके बाद भी मेडिकल कालेज में आने वाले मरीजों को सिट्रीजन और एलर्जी की दवाएं नहीं मिल पा रही हैं। सिट्रीजन के विकल्प पर दी जा रही दवा पीसीएम के साथ मरीज को लाभ नहीं दे पा रही है। एलर्जी की दवा न होने से नेत्र, त्वचा रोगी बिना दवा के लौट रहे हैं। वीरांगना अवंतीबाई लोधी स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में सामान्य बीमारियों की दवा भी रोगियों को नहीं मिल पा रही है। मेडिकल कॉलेज की ओर से स्पष्ट कर दिया गया है। दवा उन्हीं को मिलेगी जो मरीज भर्ती होंगे। मेडिकल कालेज में सोमवार को लगभग 1200 मरीजों ने पहुंचकर सामान्य एवं गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए पर्चा बनवाया। मेडिकल कालेज की पैथोलॉजी में अब मरीजों को जांच कराने में काफी दिक्कत आ रही है। कालेज प्राचार्य ने निर्देश जारी किए है कि बाह्य रोगी विभाग में दिखाने आये रोगियों को केवल सामान्य जीवन रक्षक दवा ही लिखी जाएं और सामान्य जांच की जाएं। सामान्य रोगियों की विशेष जांच बिना भर्ती नहीं की जाएगी। विशेष जांच एक्सरे, अल्ट्रासाउंड, एलएफटी, केएफटी जांच कराने को वार्ड में भर्ती होना पड़ेगा। गहन रोगों औषधि एवं दवायें केवल चिकित्सकों के माध्यम से ही लिखी जाएगी। जिस पर चिकित्सक के स्पष्ट हस्ताक्षर अनिवार्य हैं। प्राचार्य के निर्देश के बाद पैथोलॉजी में डेंगू, मलेरिया, सीबीसी के अलावा अन्य जांच के लिए मरीज परेशान हो रहे हैं। मेडिकल कॉलेज में मरीजों के लिए पर्याप्त दवाएं हैं। सिट्रीजन, एलर्जी की दवाऐं भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। वह वार्ड में भर्ती कर मरीजों को दी जा रही है। डॉ. विवेक पाराशर, मीडिया प्रभारी, मेडिकल कालेज, एटा। बच्चे की आंख में दिक्कत थी। उसको ओपीडी में चिकित्सक को दिखाया। चिकित्सक ने पर्चे पर चार दवा लिखी। उसमें से एक मिल सकी है। अन्य दवाएं बाहर मेडिकल से लेने जा रहे है। अकील, होली मोहल्ला, एटा बच्चे को खुजली, एलर्जी हो गई थी। उसे डॉक्टर को दिखाया। डाक्टर ने पर्चे में जो दवा लिखीं वे दवाएं वितरण कक्ष से देने से इंकार कर दिया। उसके बाद उन्होंने जन औषधि केन्द्र से दवा ली है।-सुमन लता, रामपुर घनश्याम, एटा

अन्य खबरों के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

## पार्टी के ब्लॉक प्रमुख का विरोध न करें भाजपा कार्यकर्ता- हर्षवर्धन



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-कासगंज- अलीगढ़ में गत दिनों बैठक के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों के बारे में जिला प्रभारी क्षेत्रीय उपाध्यक्ष हर्षवर्धन आर्य ने जनपद के पदाधिकारियों से साझा किए हैं। उन्होंने भाजपा जिला कार्यालय पर बैठक के दौरान बताया है कि प्रदेश नेतृत्व ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जो ब्लॉक प्रमुख भाजपा के समर्थन से बने है, इनके विरोध में पार्टी कार्यकर्ता कोई भी लामबंदी या अविश्वास प्रस्ताव लाने का प्रयास करेगा या इस तरह की गतिविधि में शामिल होगा तो उसे अनुशासनहीनता मानते हुए संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## अन्तर्राष्ट्रीय शिक्षक दिवस पर कार्यशाला एवं सम्मान समारोह का आयोजन

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-अन्तर्राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के अवसर पर एक दिवसीय राष्ट्रीय शैक्षिक कार्यशाला एवं ई सम्मान समारोह का आयोजन बेसिक एजुकेशन मूमेंट ऑफ इंडिया के अध्यक्ष राजेश कुमार द्वारा किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेन्द्र सिंह उप सचिव उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद प्रयागराज ने सभी शिक्षकों को अंतर्राष्ट्रीय शिक्षक दिवस की बधाई देते हुए गुरु की महिमा को बताया। विशिष्ट अतिथि राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक सुनील कुमार आनन्द कम्पोजिट विद्यालय बाबा मठिया वजीरगंज गोण्डा ने सभी को शिक्षक के कर्तव्यों को कविता के माध्यम से शानदार प्रस्तुति की। इसी क्रम में विशिष्ट अतिथि राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक श्रीराम बलरामपुर,मुनव्वर मिर्जा श्रावस्ती,पूरन लाल चौधरी बहराइच ने अपने विचार प्रस्तुत किये अलंकरण अतिथि शिखा सिंह राष्ट्रीय महामंत्री बेसिक एजुकेशन मोमेंट ऑफ इंडिया , प्रीति सोनकर राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष बेसिक एजुकेशन मोमेंट ऑफ इंडिया, मुख्य वक्ता नीलम सिंह राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका, संचालन अंजनी अग्रवाल और स्वाति सचान ने किया आयोजन समिति के सदस्य कंचन कामिनी सुगंध अग्रवाल लक्ष्मी यादव कादंबरी कुशवाहा आराधना कश्यप रीना राणा वीरेंद्र प्रताप सिंह खेमपाल सिंह ने कविता सुना कर अपने अमूल्य विचारों से शिक्षकों को मोटवेट किया।मुख्य वक्ता श्रीमती नीलम सिंह राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका कानपुर ने गुरु को ईश्वर से बढ़कर बताया कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेश कुमार शर्मा ने की व सभी शिक्षक साथियों को अंतर्राष्ट्रीय शिक्षक दिवस की बधाई देते हुए कार्यक्रम में जुड़ने के लिए आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर सभी शिक्षकों को ई प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।जिसमें पीलीभीत से राम सनेही विजय पाल यादव महेंद्र पाल सिंह मोहित कुमार प्रेमी आराधना कश्यप अरुण कश्यप प्रीति सिंह मीना कुमारी भावना चक्रेश मालती पुष्पा अजय कुमार कृष्ण कुमार सागर निरंजना शर्मा सुगन्ध अग्रवाल अनीता तिवारी वैभव सक्सेना पीलीभीत ,चंद्रपाल राजभर सुल्तानपुर,डॉ सुनील कुमार परीट कर्नाटक,सुनील कुमार वर्मा गोण्डा,राजीव कुमार हरदोई ,विनीता कुशवाहा,मणिबाला, श्रीमती पिंकी देवी ,लोकेंद्र सिंह , प्रदीप कुमार ( गाजीपुर ), कृपाल सिंह शीला ,अल्मोड़ा ( उत्तराखंड )सहित 125 शिक्षक शामिल रहे ।

## अकराबाद व कौडियागंज में रावण दहन के साथ हुआ बुराई का अंत




लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ-अकराबाद- बुधवार को कस्बा अकराबाद कौडियागंज में रावण दहन मेला आयोजित हुआ। मेला में दोपहर एक बजे से ही कस्बा की रामलीला मैदान में श्री राम रावण के साथ दोनों की सेनाओं के बीच करीब तीन घंटे तक घमासान युद्ध चला शाम छः बजे श्री राम और उनके भ्राता लक्ष्मण जी ने अग्नि बाण से बुराई के प्रतीक रावण का अंत कर दिया। बाण लगते ही रावण का पुतला धू-धू कर जल उठा
चारों और असत्य पर सत्य की विजय के साथ जय श्रीराम के नारे लगे लगे। मेले के दौरान जहां टेसू, झेंझी, चांट,पकौड़ी,खेल खिलौना आदि की दुकानों से खरीदारी कर मेला में आए दर्शकों का भरपूर लुत्फ़ लिया। इस दौरान मंच संचालन कर्ता प्रमुख समाजसेवी अवधेश शर्मा, कमैटी अध्यक्ष भंवर पाल सिंह, प्रबंधक गिर्राज शर्मा उर्फ बबाली बाबा, पं. अजीत शर्मा, पंकज कौशिक, ठा. मोनू सिंह, मुकेश शर्मा, सोनू उपाध्याय, राहुल शर्मा, बिष्णु उपाध्याय, विशाल शर्मा, सूरज राना, मान सिंह यादव, पंकज वर्मा, आकाश पचौरी, वहीं कस्बा कौडियागंज में नीरज शर्मा, एडवोकेट गणेश शर्मा, बिट्टू बार्ष्णेय, अभिषेक अग्रवाल,शिवम शर्मा, अखिलेश महाजन आदि लोग मौजूद रहे।

## तालाब में नहाते समय दो किशोरियों की डूबकर मौत

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- श्रावस्ती तालाब में नहाने उतरी दो किशोरियों की डूबकर मौत हो गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। परिजनों के कहने के बाद पुलिस ने पंचनामा कर शव को परिजनों को सुपुर्द कर दिया जिनका अंतिम संस्कार कर दिया गया।सिरसिया थाना क्षेत्र के ग्राम डोमाई निवासी दो किशोरियों की नहाते समय तालाब में डूबकर मौत हो गई। गांव निवासी अंशू ( 15 ) पुत्री मदारी व अर्चना देवी ( 14 ) पुत्री लहरी उर्फ पाटनदीन रविवार सुबह करीब 10 बजे गांव के अन्य बच्चों के साथ बकरी चराने गई थी। सभी बच्चे बकरियों को लेकर गांव के पश्चिम दिशा में स्थित तलाब पर पहुंचे। जहां बकरियों को चरने के लिए खेतों में छोड़ दिया। कुछ देर बार अंशू व अर्चना नहाने के लिए तालाब के पानी में उतर गई। बाद शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। परिजनों की ओर से दोनों शवों का गमगीन माहौल में शाम तक अंतिम संस्कार कर दिया गया।




## एक रुपये को लेकर पेट्रोल पंप पर जमकर मारपीट लूटपाट का लगाया आरोप



लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ-अकराबाद- थाना क्षेत्र में नेशनल हाइवे पर सेहौर बंबा के निकट कार सवार 15-20 दवंग लोगों ने सीएनजी पेट्रोल पंप पर एक रुपये के लेनदेन को लेकर पंप संचालकों के साथ जमकर मारपीट कर दी। और पुलिस के पहुंचने से पूर्व मौके से फरार हो गये। पंप संचालक ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। राजेश सिंह पुत्र विजयपाल सिंह निवासी खानगढ़ी ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह गुलाब फिलिंग सेंटर पर मेनेजर है।बुधवार की शाम समय करीब तीन बजे चार कारों में सवार होकर आये 15 -20 लोग आये और पंप पर सीएनजी डलवाने लगे।सेल्समैन सुशील ने सीएनजी के 550 रुपये मांगे तो उन्होंने अपने फोन से 549 रुपये ट्रांसफर कर दिये सुशील ने कहा एक रुपया और डालिये इसी बात को लेकर पंप संचालकों एवं कार सवार लोगों के बीच कहा सुनी के बाद जमकर मारपीट होने लगी जिसका बीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पंप मेनेजर राजेश सिंह का आरोप है कि मारपीट करते हुये आरोपित सेल्समैन की जेब में रखे पच्चीस हजार रुपये लूट ले गये है। घटना के संबंध में क्षेत्राधिकारी बरला अभय कुमार पांडे का कहना है कि लूटपाट का आरोप गलत है।मारपीट हुई है मामले में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## संदीप साहू युवा प्रकोष्ठ प्रदेश के उपाध्यक्ष बनाए गए



ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेण्ड्रा मरवाही- प्रदेश साहू संघ के युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यकारिणी उपाध्यक्ष के पद पर संदीप साहू को नियुक्त किया गया संदीप साहू की यह नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू . तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष संदीप साहू छत्तीसगढ़ शासन . हस्तशिल्प विकास बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष दीपक साहू। प्रदेश साहू संघ के प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष बृजेश साहू। प्रदेश साहू युवा प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ के संयोजक आनंद साहू ।प्रदेश साहू युवा प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ के महामंत्री प्रेम किशन साहू। की अनुशंसा पर की गई है।संदीप साहू ने कहा कि संगठन जो नया दायित्व सौंपा है उसका निष्ठा पूर्वक निर्वहन करुंगा।

## हाथ पर लिखवाया नाम तो चप्पल से उतारा इश्क का भूत

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ-अकराबाद-बरला क्षेत्र,के एक गांव के सिरफिरे आशिक ने सारी हदें पार कर दी अपने हाथ पर लड़की का नाम तक गुदवा लिया मौका पाकर उसके पास भी पहुंच गया प्यार का इजहार करने लगा तो युवती ने सरेआम उसके ऊपर चप्पलों की बर्फी बरसात करके उसके सिर से प्यार का भूत उतार दिया युवती ने जैसे ही पुलिस को फोन किया तो वह तेजी से भाग खड़ा हुआ यह वाकया क्षेत्र के एक गांव का है एक युवक दूसरे मोहल्ले

### प्रेमिका ने प्रेमी का

की लड़की से दिल लगा बैठा उस युवक का उस मोहल्ले में एक दोस्त के घर पर आना जाना था इसी बीच लड़की से उसने नैना लड़ाने चाहे, मगर उसने कभी पलटकर युवक की तरफ नहीं देखा जब उसे कोई लिफ्ट नहीं मिली तो सिरफिरे ने सीमा ही लांघ दी और अपने हाथ पर उस युवती का नाम और आई लव यू गुदवा लिया बुधवार की शाम युवती अपने घेर में पशुओं को चारा डाल रही थी इसी बीच मौका देखकर वह उसके पास पहुंच गया और हाथ पर उसका नाम दिखाते हुए कहने लगा कि वह उससे बेहद प्यार करता है यह सुन युवती ने कहा कि वह उसके लिए पानी लेकर आ रही है तभी युवती एक डंडा लेकर आई और उसे पीटना शुरू कर दिया जब वह नीचे गिर गया तो युवती ने चप्पलों से उसकी धुनाई की शोर सुनकर वहां मोहल्ले की 3-4 महिलाएं भी आ गई तभी युवती फोन से पुलिस को फोन करने लगी तो सिरफिरा चुपचाप वहां से भाग खड़ा हुआ पुलिस ने इस मामले से अनभज्ञता जाहिर की है वहीं युवती के इस साहस पर सब शाबाशी दे रहे हैं